Daily Current Affairs 31 May 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 30 मई को मनाया गया हिंदी पत्रकारिता दिवस
• देश भर में प्रत्येक वर्ष 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस (Hindi Journalism Day) मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि आज ही के दिन 1826 ई. में पंडित युगल किशोर शुक्ल ने हिंदी के प्रथम समाचार पत्र 'उदंत मार्तण्ड' के प्रकाशन का शुभारंभ किया था। 'उदंत मार्तण्ड' का शाब्दिक अर्थ है 'समाचार-सूर्य'।

2. जम्मू कश्मीर के कठुआ में उत्तर भारत के प्रथम बायोटेक पार्क का किया गया उद्घाटन
• केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उत्तर भारत के प्रथम औद्योगिक बायोटेक पार्क का जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में 28 मई, 2022 को उद्घाटन किया है। बायोटेक पार्क नए विचारों को साकार करने का केंद्र बनेगा। कठुआ का बायोटेक पार्क हर साल 25 नए स्टार्टअप तैयार करेगा।
• कृषि-उद्यमियों, स्टार्टअप्स, प्रगतिशील किसानों, वैज्ञानिकों, विद्वानों और छात्रों के अलावा जम्मू-कश्मीर व लद्दाख समेत निकटवर्ती राज्यों पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के लिए भी मंच उपलब्ध करवाएगा।

3. अमेरिका बना भारत का बड़ा व्यापारिक भागीदर देश
• वर्ष 2021-22 में अमेरिका चीन को पीछे छोड़ भारत का सबसे बड़ा कारोबारी पार्टनर बन गया है। दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध मज़बूत हो रहे हैं। 2021-22 में अमेरिका और भारत के बीच का द्विपक्षीय व्यापार 119.42 अरब डॉलर का रहा जबकि 2020-21 में 80.51 अरब डॉलर था।
• वर्ष 2021-22 में भारत का अमेरिका से निर्यात 51.62 अरब डॉलर से बढ़कर 76.11 अरब डॉलर हो गया है। वहीं अमेरिका से भारत का आयात भी 2020-21 में 29 अरब डॉलर से बढ़कर 43.31 अरब डॉलर हो गया है।

4. प्रथम लोकपाल अध्यक्ष न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष का कार्यकाल हुआ पूरा, प्रदीप कुमार मोहंती को मिला अतिरिक्त प्रभार
• न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष के लोकपाल प्रमुख के रूप में 27 मई, 2022 को अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार मोहंती को लोकपाल अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया है। वर्तमान में लोकपाल में छह सदस्य हैं।
• राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने 23 मार्च, 2019 को न्यायमूर्ति घोष को लोकपाल अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ दिलाई थी। न्यायिक सदस्यों के दो पद दो साल से अधिक समय से खाली पड़े हैं।

5. 75वें कान्स फिल्म महोत्सव का हुआ समापन
• 28 मई, 2022 को कान्स फिल्म महोत्सव के 75वें संस्करण का समापन नौ सदस्यीय जूरी द्वारा प्रतिष्ठित समारोह में बड़े पुरस्कार देने के साथ हुआ। पुरस्कारों का चयन फ्रांसीसी अभिनेता विन्सेंट लिंडन की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय जूरी द्वारा किया गया था और कान के ग्रैंड लुमियर थिएटर के अंदर एक समापन समारोह में प्रस्तुत किया गया था।

Daily Current Affairs 31 May 2022

• जूरी में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के रूप में एक भारतीय चेहरा शामिल था।

6. बिहार के जमुई में मिला देश का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार
• हाल ही में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) के एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि बिहार के जमुई जिले में 27.6 टन खनिज युक्त अयस्क सहित लगभग 222.88 मिलियन टन का सोने का भंडार मौजूद है।
• बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने अब भारत के सबसे बड़े सोने के भंडार के रूप में कहे जाने वाले अन्वेषण के लिए अनुमति देने का फैसला किया है।

7. बांग्लादेश और भारत के बीच फिर से शुरू हुई मैत्री एक्सप्रेस यात्री रेल सेवा
• 29 मई, 2022 को बांग्लादेश और भारत के बीच यात्री रेल सेवा दो साल बाद फिर से शुरू हो गई। 170 यात्रियों को ले जा रही मैत्री एक्सप्रेस रेलगाडी को ढाका छावनी स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया गया।
• उधर, न्यू जलपाईगुड़ी और ढाका के बीच शुरू की गई मिताली एक्सप्रेस को 01 जून, 2022 को भारत और बांग्लादेश के रेल मंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

8. भारत 'फर्स्ट मूवर्स कोएलिशन' पहल में हुआ शामिल
• हाल ही में भारत भारी उद्योगों और लंबी दूरी वाले परिवहन क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की वैश्विक पहल 'फर्स्ट मूवर्स कोलिशन में शामिल हुआ है। भारत गठबंधन के संचालन मंडल में शामिल है। वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में इन दोनों क्षेत्रों की हिस्सेदारी 30 फीसदी है।

9. जैसलमेर में भारत का पहला हाइब्रिड पावर प्लांट हुआ शुरू
• 28 मई, 2022 को अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (AAGEL) की सहायक कंपनी अडाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन लिमिटेड ने राजस्थान के जैसलमेर में पवन व सौर ऊर्जा के मेल वाला 390 मेगावाट का हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र शुरू किया है, जो देश में अपनी तरह का पहला हाइब्रिड ऊर्जा उत्पादन संयंत्र है।
• नए संयंत्र का सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ बिजली खरीद समझौता (पीपीए) है, जिसमें टैरिफ 2.69 रुपए प्रति किलोवाट है, जो कि राष्ट्रीय स्तर पर औसत बिजली खरीद लागत (APPC) से काफी कम है।

10. गुजरात टाइटन्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर जीता IPL का 15वाँ खिताब
• 29 मई, 2022 को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2022 का 15वाँ संस्करण गुजरात टाइटन्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर जीता है। गुजरात ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2022 के फाइनल में राजस्थान रॉयल्स (RR) को 7 विकेट से शिकस्त देकर IPL ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।